Bookmycab.com पेश करते हैं काली पीली टैक्सी के लिये 'हैपी आवर्स'

- यात्रियों को सोमवार से शुक्रवार सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे के बीच की गयी टैक्सी यात्राओं के लिये रु. 50 कम देने होंगे

मुंबई, 21 नवंबर 2014: Bookmycab.com, मुंबई की लोकप्रिय कॉल कैब सेवा, लेकर आयी है शहर की सीमाओं के भीतर कम यातायात के घंटों के दौरान काली-पीली टैक्सी सेवाओं पर 'हैपी आवर्स' नामक छूट की योजना.

छूट की यह नयी योजना टैक्सी यात्राओं को ऑटो रिक्शा से भी सस्ती बनाती है. यात्रा की औसत दूरी 15 किमी के भीतर होने पर आपको रु. 160 देने होंगे. Boomycab.com रु. 10.67 प्रति किमी की दरें प्रदान कर रही है. मुंबई में ऑटो रिक्शा के किराये की प्रति किमी दर रु. 11.50 है. छूट की योजना **20 दिसंबर 2014** तक वैध होगी और सोमवार से शुक्रवार के बीच शहर के भीतर की गयी सभी यात्राओं पर लागू होगी.

यात्री 022-61234567 या 022-41234567 पर Bookmycab.com के 24-घंटे कार्यरत कॉल सेंटर को कॉल करके या वेबसाइट पर लॉग ऑन करके या www.bookmycab.com/app से यूज़र-फ्रेंडली ऐंड्रॉइड मोबाइल ऐप डाउनलोड करके अपने मोबाइल फोन द्वारा शहर के भीतर किसी भी जगह के लिये टैक्सी बुक कर सकते हैं.

2012 में स्थापित, Bookmycab.com मुंबई में सर्वव्यापी *'काली-पीली'* टैक्सी और 'कूल कैब्स' के लिये मीटर की सामान्य दरों पर कॉल टैक्सी सेवाओं की शुरुआत करने वाली भारत की पहली कॉल कैब सेवा प्रदाता कंपनी है.

आज Bookmycab.com की सेवाओं में दिल्ली, कोलकाता और हैदराबाद समेत भारत के कई शहरों में आरामदेह और किफ़ायती टैक्सी यात्राएं देने वाली 5000 रेजिस्टर्ड कैब्स का समावेश है. इन टैक्सियों में मध्यम श्रेणी की हैचबैक, एमयूवी और सिडैन कारें शामिल हैं, जो यात्रियों को आरामदेह यात्राएं प्रदान करती हैं. सभी टैक्सियों का सही रखरखाव किया जाता है और इन्हें बिल्कुल नयी जैसी स्थिति में रखा जाता है, इसके साथ-साथ इनमें दिन-रात फोन सेवा और अत्याधुनिक लाइव लोकेशन ट्रैकिंग की सुविधा भी उपलब्ध है.

Bookmycab.com द्वारा शहर के भीतर प्रदान की जाने वाली विभिन्न सेवाओं में शहर के भीतर एक स्थान से दूसरे स्थान की यात्रा, निश्चित रास्ते की सेवाओं, एयरपोर्ट ट्रांसफर और रेलवे स्टेशन ट्रांसफर्स का समावेश है. बुकमायकैब अपनी सभी सेवाएं समय पर पहुंचने की गारंटी के साथ प्रदान करने वाले एकमात्र सेवा प्रदाता हैं, बशर्ते कि इन्हें पहले से और पर्याप्त समय छोड़कर बुक किया गया हो.

दक्षिण भारत में कदम रखने की दृष्टि से कंपनी ने हाल ही में हैदराबाद के cabonclick.com का अधिग्रहण किया है.